# 55 ईको फ्रेंडली इकाइयों को यीडा देगा भूखंड

लखनऊ। गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) अधिकृत क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के लिए नई स्कीम लाई गई है। नई स्कीम में सेक्टर-29, 32 व 33 में कुल 55 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन होगा। इससे न सिर्फ यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया (फेज-1) के विकास को गति मिलेगी, बल्कि मास्टर प्लान-2041 को धरातल पर उतारने में तेजी आएगी।

यह योजना विशेष तौर पर पर्यावरण अनुकूल इकाइयों के लिए है। इसके जरिये खिलौना, अपैरल व फर्नीचर पार्क की स्थापना होगी। ओडीओपी इकाइयां व एमएसएमई समेत कई औद्योगिक सेक्टर भूमि आवंटन प्रक्रिया के पात्र होंगे। 240 से अधिक प्रकार की गैर प्रदूषणकारी इकाइयों की स्थापना का रास्ता भी खुलेगा। योजना में आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो

## आवेदन की प्रक्रिया शुरु 29 तक जारी रहेगी

29 मई तक जारी रहेगी। स्कीम के अनुसार सेक्टर-29, 32 व 33 में कुल 55 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। इसमें से आठ हजार वर्ग मीटर तक के कुल 50 प्लॉट आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। इनकी शुरुआत 300 वर्गमीटर से है।

वहीं, आठ हजार से बड़े प्लाट खिलौना पार्क, अपैरल पार्क व सामान्य औद्योगिक उपयोग के लिए हैं। सबसे बड़ा प्लॉट सेक्टर 32 का प्लॉट नंबर 68ए है, जो कुल 17020 वर्गमीटर का है। प्रत्येक प्लॉट का रिजर्व प्राइस निर्धारित है, जिसकी शुरुआत 64.16 लाख रुपये से होती है। सबसे बड़े प्लॉट के लिए कुल प्रीमियम राशि 22.91 करोड़ है। ई-नीलामी की प्रक्रिया जुलाई के शुरुआती हफ्तों में पूरी की जाएगी। ब्यूरो